# सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

पत्रांक : कु०स० 9723/2025 दिनांक : 02 मार्च, 2025

## कार्यालय-ज्ञाप

माननीय कुलाधिपति महोदया की प्रेरणा से ''पढ़े विश्वविद्यालय/बढ़े विश्वविद्यालय एवं पढ़े महाविद्यालय/बढ़े महाविद्यालय'' कार्यक्रम दिनांक 07.03.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से मध्याह्न 12:00 बजे तक आयोजित किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये हैं। उक्त कार्यक्रम को अधोलिखित बिन्दुओं के अनुसार पूर्ण किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये हैं -

1. विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्रगण, शिक्षकगण एवं अन्य समस्त कार्मिक एक साथ अपने पसन्द की पुस्तक पढेंगे।
2. कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को अधोलिखित गुगल फार्म के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा।

   https://forms.gle/1T9iN5dsEoPTSCQc6
3. विश्वविद्यालय में पुस्तक पढ़ने का स्थान पाणिनि भवन सभागार निर्धारित किया गया है। सम्बद्ध महाविद्यालय द्वारा अपने-अपने परिसर में उक्त कार्यक्रम को आयोजित किया जायेगा।
4. जहाँ तक सम्भव हो पुस्तक का पाठन एक आकृति बनाकर किया जाये। विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गये गावों भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।
5. कार्यक्रम का जीओ टैग फोटोग्राफ एवं अधिकतम 30 सेकेण्ड का वीडियो बनाया जाय।

उपर्युक्त कार्यक्रम आयोजित करते हुए कार्यक्रम की जीओ टैग फोटोग्राफ्स एवं अधिकतम 30 सेकेण्ड का वीडियो, पेन ड्राइव पर तथा कार्यक्रम से सम्बन्धित आख्या व पुस्तक पाठन में प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों की संख्या संलग्न निर्धारित प्रारूप पर भौतिक रूप से दिनांक 08.03.2025 को मध्याह्न 12:00 बजे तक सचिवालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश प्रदान किये गये हैं।

अतः सम्बद्ध महाविद्यालयों को आदेशित किया जाता है कि पेन ड्राइव (जिसमें जीओ टैग फोटोग्राफ्स एवं अधिकतम 30 सेकेण्ड का वीडियो सुरक्षित किया गया हो) एवं आख्या कुलसचिव कार्यालय में दिनांक 07.03.2025 को अपराह्न 06:00 बजे तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

इस पर कुलपति महोदय की स्वीकृति प्राप्त है।

02/3/2025

(राकेश कुमार)
आई०ए०एस०
कुलसचिव

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ
2. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।

3. प्रो॰ दिनेश कुमार गर्ग, संयोजक- 'पढ़े विश्वविद्यालय/बढ़े विश्वविद्यालय एवं पढ़े महाविद्यालय/बढ़े महाश्वविद्यालय' विश्वविद्यालय के गोद लिये गाँवों में कार्यक्रम के अयोजनार्थ।
4. डॉ॰ रविशंकर पाण्डेय, संयोजक- 'पढ़े विश्वविद्यालय/बढ़े विश्वविद्यालय एवं पढ़े महाविद्यालय/बढ़े महाश्वविद्यालय' कार्यक्रम विश्वविद्यालय परिसर।
5. श्री मोहित मिश्र, सिस्टम एनालिस्ट को इस आशय से कि उक्त सूचना को सम्बद्ध महाविद्यालयों को उनके लॉगिन-आई॰डी॰ एवं विश्वविद्यालय की वेब-साइट पर अपलोड कराने हेतु।
6. समस्त सहायक कुलसचिव।
7. प्रभारी - सम्पत्ति कार्यालय।
8. प्रबन्धक/प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालयों को इस आशय से कि शासन के निर्देशानुसार कार्यवाही पूर्ण कराना सुनिश्चित करायें।
9. आशुलिपिक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
10. सम्पति कार्यालय को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
11. समस्त विभागानुभाग।
12. सम्बद्ध पत्रावली।

(राकेश कुमार)
आई॰ए॰एस॰
कुलसचिव

**प्रारूप**

| क्र॰सं॰ | विश्वविद्यालय का नाम | विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतिभागियों की संख्या | महाविद्यालय स्तर पर प्रतिभागियों की संख्या | गोद लिये गये गांवों में प्रतिभागियों की संख्या | अन्य प्रतिभागियों की संख्या | योग | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

**गुगल फार्म का क्यू.आर.कोड**